glossaries ALIVE

BRINGING HINDI WORDS TO LIFE
WITH PRACTICE IN PRONUNCIATION & CONTEXTUAL USAGE

# Glossary 12

Neha Ladha & Rupert Snell | 21m18s

Neha, what is the time right now?
नेहाजी अभी कितने बजे हैं?

It is 3 o'clock right now.
तीन बजे हैं

Then we should begin.
तब तो हमें शुरू करना चाहिए

बारहवीं शब्दावली

And let us begin from the end.
और हम शुरू करते हैं अंत में

the end
अंत

The beginning of the story, the end of the story.
कहानी की शुरुआत कहानी का अंत

How does the story end?
कहानी का अंत कैसे होता है?

What happened in the end?
अंत में क्या हुआ?

remarkable, wonderful
अद्भुत

a wonderful journey
अद्भुत यात्रा

journey
यात्रा

a long journey
लम्बी यात्रा

a wonderful journey
अद्भुत यात्रा

leisure, free time
अवकाश

Can I have two days off?
क्या मुझे दो दिनों का अवकाश मिल सकता है?

early afternoon
दोपहर

in the early afternoon
दोपहर में

in the later afternoon
तीसरे पहर में

What were you doing yesterday afternoon?
आप कल तीसरे पहर में क्या कर रहे थे?

all day long
आठों पहर

He lazes about all day long.
आठों पहर मक्खियाँ मारता रहता है

mango
आम

Can you get good mangoes in London?
क्या लन्दन में अच्छे आम मिलते हैं?

Neha, do you like mangoes?
नेहाजी क्या आपको आम पसंद हैं?

Yes, I really like mangoes.
हाँजी मुझे आम बहुत पसंद हैं

Where you get the best mangoes?
सबसे अच्छे आम कहाँ मिलते हैं?

The best mangoes are found in India.
सबसे अच्छे आम भारत में ही मिलते हैं

to rest
आराम करना

Lets rest a little while.
थोड़ी देर आराम करें?

Neha, would you like to rest?
नेहा आप आराम करना चाहेंगी?

No no, right now we will work.
नहीं नहीं अभी तो काम ही करेंगे

Alright.
ठीक है

voice, sound
आवाज़


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

His voice is very soft/faint.
उसकी आवाज़ बहुत धीमी है

Ask him to speak more loudly.
उसे जोर से बोलने को कहो

the sound of a radio
रेडियो की आवाज़

the sound of rain falling
बारिश गिरने की आवाज़

poem, poetry
कविता

He recited two poems.
उसने दो कवितायें सुनायी

Please recite a poem.
कविता सुनाइए

or
कि

Yes or no?
हाँ कि ना?

Tea or coffee?
चाय कि कॉफ़ी?

Will you come or not?
आप आयेंगे कि नहीं?

kindness, grace
कृपा

It is very kind of you.
आपकी कृपा है

kindly, please
कृपा करके

kindly, please
मेहरबानी करके

Kindly phone my brother.
कृपा करके मेरे भाई को फ़ोन करें

kindness
कृपा, मेहरबानी

It is very kind of you.
आपकी मेहरबानी है/आपकी कृपा है

regret
खे़द

I regret I cannot come today.
मुझे खे़द है कि मैं आज नहीं आ पाऊँगा

I am sorry about this.
इसके लिए खे़द है

We regret the delay to passengers.
यात्रियों से देर के लिए खे़द है

to lose, to get lost
खोना

Where did you get lost?
तुम कहाँ खो गए?

How did the money get lost?
पैसा कैसे खो गया

If it's lost you won't get it again.
खो दिया तो वापस नहीं मिलेगा

home-minister
गृह मंत्री

The home-minister regrets that he cannot come to the meeting.
गृह मंत्री को खे़द है कि वे आज मीटिंग में नहीं आ पाएँगे (सकते)

Gwalior
ग्वालियर

Gwalior is not far from Agra.
ग्वालियर आगरा से दूर नहीं है

But it is in Madhya Pradesh, not Uttar Pradesh.
वह मध्य-प्रदेश में है न कि उत्तर प्रदेश में

to go off, to set off, to go one's way
चला जाना

He is gone.
वह चला गया

Should we be off?
हम चले जाएँ

Who knows where they go off to?
पता नहीं वे कहाँ चले जाते हैं

to irritate, to tease
चिढ़ाना

My younger brother irritates me.
मेरा छोटा भाई मुझे चिढ़ाता है

It is wrong to tease people like this.
लोगों को ऐसे चिढ़ाना ग़लत है

Stop teasing me!
मुझे चिढ़ाना बंद करो


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

to have already done something
चुकना

I have already eaten.
मैं खा चुकी हूँ

I have already finished my work.
मैं अपना काम कर चुकी हूँ

We have seen this film three times already.
हम इस फ़िल्म को तीन बार देख चुके हैं

Night had already fallen.
रात हो चुकी थी

apart from, except for
छोड़ कर

apart from this
इसको छोड़ कर

apart from Neha
नेहा को छोड़ कर

There was nobody in house apart from the children.
घर में बच्चों को छोड़ कर कोई नहीं था

deliberately
जान-बूझकर कर

She deliberately wrote the wrong name.
उसने जान-बूझकर ग़लत नाम लिखा

He would not do such a thing deliberately.
वह ऐसा काम जान-बूझकर नहीं कर सकता

flattery
जी-हुज़ूरी

You will not get anything by (doing) flattery.
तुम्हें जी-हुज़ूरी से कुछ नहीं मिलेगा

two and a half
ढाई

two and a half hours
ढाई घंटे

two and a half days
ढाई दिन

We spent two and a half days in Gwalior.
हमनें ग्वालियर में ढाई दिन बिताये

two hundred and fifty
ढाई सौ

It is two thirty.
ढाई बज गए हैं

lunch
दिन का खाना

We have lunch at 1 o' clock.
हम एक बजे दिन का खाना खाते हैं

Who made lunch yesterday?
कल दिन का खाना किसने बनाया?

They have already had lunch.
वे दिन का खाना खा चुके हैं

Where shall we have lunch today?
हम आज दिन का खाना कहाँ खाएँ?

to run
दौड़ना

He runs fast.
वह तेज़ दौड़ता है

He ran towards me.
वह मेरी ओर दौड़ कर आया

She is always running here and there.
वह हमेशा इधर-उधर दौड़ती रहती है

low, faint
धीमा

a faint voice
धीमी आवाज़

to bathe
नहाना

Do you bathe in hot water or cold water?
आप गरम पानी में नहाते हैं या ठंडे पानी में (नहाते हैं)?

breakfast
नाश्ता

Bathe before breakfast!
नाश्ते से पहले नहाओ!

I always bathe before breakfast.
मैं हमेशा नाश्ते से पहले नहाती हूँ

to regret, to repent
पछताना

What is the point in regretting now?
अब पछताने में फ़ायदा क्या है?


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

What are you feeling regretful about?
तुम किस बारे में पछता रहे हो?

an exam
परीक्षा

to take an exam
परीक्षा देना

I have already taken/finished my exams.
मैं अपनी परीक्षाएँ दे चुकी हूँ

Neha, do you have to take any tests this semester?
नेहा इस सेमेस्टर में आपको कोई परीक्षाएं देनी हैं?

Yes, absolutely.
हाँजी, बिल्कुल

How many tests do you have you take?
कितनी परीक्षाएँ देनी हैं?

Two.
दो

That is it!
बस!

I have to take two final tests.
दो अंतिम परीक्षाएँ देनी हैं

to manage to do something
पाना

I did not manage to finish this work.
मैं यह काम ख़त्म नहीं कर पायी

Will we manage to finish this recording?
क्या हम इस रिकार्डिंग को ख़त्म कर पाएँगे?

I will not be able to come to your wedding.
मैं तुम्हारी शादी में नहीं आ पाऊँगी

Nehaji are you going to get married soon?
नेहाजी आपकी शादी होने वाली है?

No, not now.
नहीं, अभी तो नहीं

When it is fixed then let me know.
जब हो जाए तो बताना

Yes, absolutely.
हाँजी, बिल्कुल

He could not see the house behind the trees.
वह पेड़ों के पीछे घर को नहीं देख पाया

Will you be able to recognize her?
क्या तुम उसे पहचान पाओगे?

to cross (say a river, a road)
पार करना

to cross the river
नदी पार करना

Cross the road very carefully.
सड़क ध्यान से पार करना

Cross the road very carefully looking both ways.
सड़क इधर-उधर देखते हुए बहुत ध्यान से पार करना

to pass (say an exam)
पास करना

I passed my Hindi exam.
मैंने अपनी हिंदी परीक्षा पास कर ली

three-quarters
पौना

three-quarters of an hour
पौना घंटा

three-quarters of a kilogram
पौना किलो

publisher
प्रकाशक

published
प्रकाशित

When was this book published?
यह किताब कब प्रकाशित हुई थी?

light
प्रकाश

a villain
बदमाश

Keep away from that villain.
उस बदमाश से दूर रहो

The villain stole my phone.
उस बदमाश ने मेरा फ़ोन चुरा लिया


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

Even the police cannot catch this villain
इस बदमाश को तो पुलिस भी नहीं पकड़ सकती

to change
बदलना

Shall we change our schedule/program?
क्या हमें अपना कार्यक्रम बदलना चाहिए?

Everything has changed.
सब कुछ बदल चुका है

Sometimes it is good to change things.
कभी-कभार चीज़ों को बदलना अच्छा होता है

He wants to change the world.
वह दुनिया को बदलना चाहता है

I do not want to change.
मैं बदलना नहीं चाहती

to divide
बाँटना

Divide the food into three.
खाने को तीन हिस्सों में बाटों

a part
हिस्सा

three parts
तीन हिस्से

Is this part of that?
क्या यह उसका हिस्सा है?

Where is my part?
मेरा हिस्सा कहाँ हैं?

Divide the food into three.
खाने को तीन हिस्सों में बाँटों

Divide the money amongst the children
पैसे को बच्चों में बाँटों

We cannot divide the country.
हम देश को नहीं बाँट सकते

Share this amongst yourselves.
इसको अपने-आप में बाँट लो

a bottle
बोतल

half a bottle
आधी बोतल

two bottles
दो बोतलें

two bottles of mill
दो बोतल दूध

Neha what is there in that bottle?
नेहा उस बोतल में क्या है?

There is air in that bottle.
उस बोतल में हवा है

That is, there is nothing (in the bottle).
यानी कुछ नहीं है

elder brother's wife
भाभी

How is bhabhiji today?
आज भाभीजी कैसी हैं?

even by mistake, would not even dream of doing (something)
भूल कर भी

I wouldn't dream of going there.
मैं भूल कर भी वहाँ नहीं जाऊँगी

Don't even dream/think of telling him.
उसे भूल कर भी मत बताना

a meeting, an encounter
भेंट

a meeting, an encounter
मुलाक़ात

I met a friend in a shop.
दुकान में मेरी एक दोस्त से भेंट हुई

food
भोजन

to eat, to dine
भोजन करना

Tomorrow we will dine with the minister.
कल हम मंत्री के साथ भोजन करेंगे

crocodile
मगर

but
मगर

Are there crocodiles in this river?
क्या इस नदी में मगर मिलते हैं?


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

Yes, but I like crocodiles.
हाँ, मगर मुझे मगर पसंद हैं

a sweet, a sweet dish
मिठाई

We ate lots of sweets.
हमनें बहुत मिठाइयाँ खाई

Share the sweets among the children.
बच्चों के बीच मिठाइयाँ बाँटों

minute
मिनट

ten minutes
दस मिनट

fifteen minutes later
पंद्रह मिनट बाद

You can come after 20 minutes.
तुम बीस मिनट बाद आ सकते हो

to turn
मुड़ना

turn to the left
बायें मुड़ो

turn to the right
दायें मुड़ो

The car turned the other way.
गाड़ी दूसरी ओर मुड़ गयी

I turned and looked back.
मैंने मुड़कर पीछे देखा

radio
रेडियो

There a radio playing somewhere.
कहीं कोई रेडियो बज रहा है

Do you hear the radio?
क्या तुम्हें रेडियो सुनाई दे रहा है?

to bring
ले आना

Should I bring something else.
क्या मैं कुछ और ले आऊँ?

Bring your warm clothes, it'll be cold.
अपने गरम कपड़े ले आना ठंड होगी

to take, to take away
ले जाना

He took my car.
वह मेरी गाड़ी ले गया

Take this away.
इसे ले जाओ

Take this away, I don't want it.
इसे ले जाओ मुझे नहीं चाहिए

Take this away and give me something else.
इसे ले जाओ और मुझे कुछ और दे दो

We will take all this money.
हम यह सारा पैसा ले जायेंगे

dealings, connection with somebody
लेना-देना

What do I have to do with him?
मुझे उसके साथ क्या लेना-देना?

I have no dealings with such people.
मुझे ऐसे लोगों के साथ कुछ लेना-देना नहीं है

marriage, wedding
विवाह

married
विवाहित

married people
विवाहित लोग

particular, special
विशेष

any particular reason
कोई विशेष कारण

We will make a special program for you.
हम तुम्हारे लिए एक विशेष प्रोग्राम बनायेंगे

program
कार्यक्रम

We will make a special program for you.
हम तुम्हारे लिए एक विशेष कार्यक्रम बनायेंगे

What is in the program?
कार्यक्रम में क्या है?

What different things are in the program?
कार्यक्रम में क्या अलग-अलग चीजें हैं?


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

hostility
वैर

It is not good to have hostility towards people.
लोगों से वैर करना ठीक नहीं है

to be able
सकना

I can see.
में देख सकती हूँ

I could not write my name.
मैं अपना नाम नहीं लिख सकी

Can you tell me about this?
क्या तुम मुझे इसके बारे में बता सकते हो?

news
समाचार

Did you read the news?
क्या तुमने समाचार पढ़ा?

Is there any special news today?
क्या आज का कोई विशेष समाचार है?

news
ख़बर

today's news
आज की ख़बर

Have you heard the news?
क्या तुमने ख़बर सुनी है?

one and a quarter
सवा

one and a quarter kilogram of sweets
सवा किलो मिठाइयाँ

a number plus a half
साढ़े

seven and a half
साढ़े सात

half past three
साढ़े तीन

one hundred and fifty
डेढ़ सौ / एक सौ पचास

one thousand five hundred
डेढ़ हज़ार / पंद्रह सौ

a companion, a friend
साथी

my companion, my friend
मेरा साथी

The elephant is my friend.
हाथी मेरा साथी

some companions of mine
मेरे कुछ साथी

Some friend of mine wrote this song.
मेरे किसी साथी ने यह गाना लिखा

soap
साबुन

good soap
अच्छा साबुन

Wash with soap.
साबुन से धोओ

Wash the clothes with soap.
कपड़ों को साबुन से धोओ

Bathe with soap.
साबुन से नहाओ

a seat
सीट

Will I get a seat in the train?
क्या मुझे ट्रेन में सीट मिलेगी?

I found a seat with great difficulty.
मुझे सीट बड़ी मुश्किल से मिली

This isn't your seat.
यह तुम्हारी सीट नहीं है

apple
सेब

Eat an apple.
सेब खाओ

Eat two apples.
दो सेब खाओ

via
से होकर

We will go to Jodhpur via Jaipur.
हम जयपुर से होकर जोधपुर जायेंगे

Did you come here via Mumbai?
क्या तुम मुंबई से होकर आये?


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

Neha, what is the time right
now?
नेहा अभी कितने बजे हैं?

It is half past three right now.
अभी साढ़े तीन बजे हैं

Then we should stop.
तो बंद करना चाहिए

Alright.
ठीक है

Thank you.
शुक्रिया

Thank you.
धन्यवाद


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin